***प्रेस नोट*** ***12.03.2025***

**गुमशुदा/खोए कुल 06 मोबाइल फोन लगभग 79,749 (उन्यासी हजार सात सौ उन्चास) रुपये कीमती बरामद कर उनके स्वामियों को किया गया सुपुर्द–**

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सरायलखन्सी साइबर टीम द्वारा थाना स्थानीय पर दर्ज गुमशुदगी को सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से गुमशुदा मोबाइल धारको का थाना स्थानीय पर नियुक्त साइबर टीम द्वारा गुमशुदा 06 मोबाइलों लगभग 79,749 (उन्यासी हजार सात सौ उन्चास) रुपये कीमती को बरामद कर उनके स्वामियों को सुपुर्द किया गया। जिसमें प्रभू यादव पुत्र स्व0 रामपति यादव निवासी नसीपुर कहिनौर थाना सरायलखन्सी, होरी चौहान पुत्र अलगू चौहान निवासी खानपुर पलिगढ़ थाना सरायसखन्सी, सुरेन्द्र चौहान पुत्र स्व0 बाबूलाल चौहान निवासी सिहांव बबुआपार रैकवारेडीह थाना सरायलखन्सी, अनीता गौड़ पत्नी सोनू गौड़ निवासी भीटी चौक थाना सरायलखन्सी, रामबिलास राजभर पुत्र रामजनम निवासी बहरीपुर डुमराव थाना सरायलखन्सी, विनय कुमार यादव पुत्र श्याम नारायण यादव निवासी हसनपुर अलीनगर थाना सरायलखन्सी जनपद मऊ आवेदको द्वारा उच्चाधिकारियों व थाना सरायलखन्सी के अधिकारी/ कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।

**बरामदकर्ता पुलिस टीम–**

प्रभारी निरीक्षक श्री शैलेश सिंह, निरीक्षक अपराध श्री हरेन्द्र सिंह, उ0नि0 नयन कुमार बर्नवाल, म0उ0नि0 अंशी शुक्ला क0आ0 आशीष द्विवेदी, आरक्षी धीरज कुमार, म0आ0 शिखा तिवारी थाना सरायलखन्सी जनपद मऊ।

**पॉक्सो एक्ट में वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तार–**

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 12.03.2025 को थाना कोपागंज पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर भातकोल मोड़ के पास से मु0अ0सं0 18/25 धारा 65(1), 137(2), 87 बीएनएस में वांछित अभियुक्त देवा सिंह पुत्र अर्जुन सिंह निवासी गद्दीपुरवा थाना टडियावा जनपद हरदोई को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त–**

1. देवा सिंह पुत्र अर्जुन सिंह निवासी गद्दीपुरवा थाना टडियावा जनपद हरदोई।

**गिरफ्तारकर्ता पुलिस टीम–**

1. उ0नि0 राजकमल थाना कोपागंज जनपद मऊ।
2. उ0नि0 अर्जुन सिंह थाना कोपागंज जनपद मऊ।

**‘आपरेशन क्लीन’ अभियान के अन्तर्गत थाना घोसी पर मुकदमों से सम्बन्धित कुल 02 वाहनों (चारपहिया/तीनपहिया) की नीलामी कराकर कुल ₹41500/- (इक्तालिस हजार पांच सौ रुपये) के राजस्व की प्राप्ति की गई।**

अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी जोन वाराणसी श्री पियूष मोर्डिया के कुशल मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में जनपद मऊ में थानों पर लंबित माल मुकदमाती/लावारिस वाहनों के निस्तारण हेतु चलाये जा रहे “ऑपरेशन क्लीन” अभियान के क्रम में नायब तहसीलदार घोसी थानाध्यक्ष घोसी श्री मनोज सिंह की उपस्थिति में आज दिनांक 12.03.2025 को थाना घोसी पर विभिन्न जनपदों से आये 06 रजिस्टर्ड कबाड़ व्यापारियों के समक्ष बोली लगवाकर नीलामी प्रक्रिया के अन्तर्गत 02 चारपहिया/तीनपहिया वाहनों का निस्तारण कराकर जीएसटी सहित कुल ₹41500/- (इक्तालिस हजार पांच सौ रुपये) राजस्व की प्राप्ति की गयी। प्राप्त धनराशि को नियमानुसार राजकोष में जमा किया जायेगा।

आगामी होली त्योहार को सकुशल सम्पन्न कराए जाने एवं जनपद में शांति/सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने के दृष्टिगत आज दिनांक 12.03.2025 सायंकाल को जिलाधिकारी श्री प्रवीण कुमार मिश्र, पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी द्वारा क्षेत्राधिकारी नगर श्री अंजनी कुमार पाण्डेय, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर व भारी संख्या में पुलिस बल के साथ मऊ नगर क्षेत्र मिर्जाहादीपुरी से कोतवाली नगर तक संवेदनशील/मिश्रित आवादी एवं महत्वपूर्ण स्थानों पर रूट मार्च/पैदल गस्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान थाना विभिन्न होलिका दहन स्थल/जुलूस मार्गों का निरीक्षण कर सर्वसम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। साथ ही साथ समस्त थाना क्षेत्रान्र्तगत क्षेत्राधिकारी/प्रभारी निरीक्षकों के नेतृत्व में बाजारों, भीड़-भाड़ वाले स्थानों, बस स्टैंड एवं महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों के आस-पास रुट मार्च/पैदल गस्त कर आम जनमानस में शांति/सुरक्षा व्यवस्था के प्रति आश्वस्त किया जा रहा है तथा संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।